**12/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत की अध्यक्षता में अट्ठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन नई दिल्ली के भारत मंडपम में जारी है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में ब्रिक्स ने विश्व मंच पर अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है और मौजूदा शिखर सम्मेलन को उन्होंने एक ऐतिहासिक पड़ाव बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन-केंद्रित और मानवता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं में लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता शामिल हैं। श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन व्यवस्था के लिए दस सूत्रीय रोडमैप प्रस्तावित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार अब और इंतजार नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि ग्लोबल साउथ को नियम बनाने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। दो दिवसीय इस भव्य आयोजन में ग्यारह सदस्य देश और दस साझेदार देश शामिल हुए हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी ज़िनफिंग, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इंडोनेशिया एवं ईरान के राष्ट्रपति सहित कई प्रमुख विश्व नेता सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं।

0000000000000000000000000

नई दिल्ली में आज ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले दिन नई दिल्ली घोषणा-पत्र को अपनाया गया। घोषणा-पत्र में ब्रिक्स देशों ने एकतरफा शुल्कों और गैर-शुल्क उपायों में बढ़ोतरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की। सहभागी देशों ने कहा कि ऐसे उपाय व्यापार को विकृत करते हैं और विश्व व्यापार संगठन के नियमों के अनुरूप नहीं हैं। घोषणा-पत्र में अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत एकतरफा दंडात्मक उपायों की भी निंदा की गई। घोषणा-पत्र में संघर्षों की रोकथाम के प्रयासों में अधिक सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिसमें संघर्षों के मूल कारणों का समाधान करना भी शामिल है। समूह ने संवाद, परामर्श और कूटनीति के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।

0000000000000000000000000

चाइना साउदर्न एयरलाइंस ने कहा है कि वह इस महीने की इक्कीस तारीख से ग्वांगझोउ और नई दिल्ली के बीच नियमित यात्री उड़ानें फिर शुरू करेगी। इसके साथ ही छह साल से निलंबित यह हवाई सेवा दोबारा शुरू हो जाएगी।

कोविड-19 महामारी के वर्ष 2020 में शुरू होने के बाद भारत और चीन के बीच हवाई सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। यह सेवा ऐसे समय फिर शुरू हो रही है, जब चीन के राष्ट्रपति शी ज़िनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत दौरे पर हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता कर रहे हैं। इस वर्ष मार्च में भारतीय विमानन कंपनी इंडिगो ने भी शंघाई और कोलकाता के बीच दैनिक उड़ानें शुरू की थीं, जिससे दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क और मजबूत हुआ है।

0000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में ग्यारहवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस सह किसान एवं उद्यमी सम्मेलन ला आयोजन CSIR-नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, ईटानगर ब्रांच, जी-सेक्टर, नाहरलागुन में किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री गैब्रियल डी. वाङसू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर **'औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती'** विषय पर एक विशेष तकनीकी सत्र आयोजित करते हुए किसानों, उद्यमियों, प्रतिभागियों तथा आमंत्रित अतिथियों के साथ संवादात्मक सत्र का आयोजन भी हुआ।

0000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राजय के ईस्ट कामेङ, पापुम पारे, आंजाव, चाङलाङ और तिराप के लिए अगले चौबीस घंटों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000000000000000000000000000

इक्कीसवीं तदार ताङ राज्य स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अंतिम चरण में खिताब के लिए नौ टीमें आमने-सामने होंगी। आयोजकों ने द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रतियोगिता का अंतिम चरण के मुकाबले सोलह से उन्तीस सितंबर तक यूपिया स्थित गोल्डन जुबली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। राज्य की इस प्रमुख फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से संतोष ट्रॉफी के लिए अरुणाचल प्रदेश की टीम में खिलाड़ियों के चयन की दिशा में भी प्रतिभाओं की पहचान की जाएगी। अंतिम चरण में मौजूदा चैंपियन कैपिटल कॉम्प्लेक्स के अलावा अरुणाचल प्रदेश पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, ईस्ट कामेङ, लोअर सियाङ, कुरुङ कुमे, दिबाङ वैली, लोहित, सियाङ और केयी पान्योर की टीमें हिस्सा लेंगी।

000000000000000000000000000

सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत अट्ठारह लाख सतहत्तर हजार मकानों को मंजूरी दी है। इससे योजना के क्रियान्वयन को और गति मिलेगी तथा शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए आवास के लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

यह निर्णय नई दिल्ली में हुई केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की नौवीं बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के शहरी विकास विभाग के सचिव सतेंद्र सिंह ने की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण और साझेदारी में किफायती आवास घटकों के तहत लगभग उनतीस हजार अतिरिक्त मकानों को भी मंजूरी दी गई। इन स्वीकृतियों में असम, बिहार, गुजरात, तेलंगाना, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश, इन छह राज्यों को शामिल किया गया है।

000000000000000000000000000